परमेश्वर *छुटकारा देता* है

स्तुति - परमेश्वर, उसके गुण, उसके नाम व उसके स्वभाव की स्तुति ।

विशेषता: परमेश्वर छुटकारा देता है

परिभाषा: जो कैद या खतरे से बचाता या छुड़ाता है
पवित्र शास्त्र(ओं): भजन सहिंता 91:14-16; नीतिवचन 11:8; गलातियों 1:3-4

कबूल - धीमे स्वर में, क्षमा करनेवाले परमेश्वर से, पापो को कबूल करना
और सृष्टि की कोई वस्तु उस से छिपी नहीं है वरन जिस से हमें काम है, उस की आंखों के साम्हने सब वस्तुएं खुली और बेपरदा हैं॥ इब्रानियों 4:13

धन्यवाद् - यहोवा ने हमारे लिए जो कुछ दिया है, उसके लिए धन्यवाद् करो।
धन्यवाद के बलिदान का चढ़ाने वाला मेरी महिमा करता है; और जो अपना चरित्र उत्तम रखता है उसको मैं परमेश्वर का किया हुआ उद्धार दिखाऊंगा! भजन सहिंता 50:23

मध्यस्थता - दूसरों की ओर से प्रार्थना में परमेश्वर के पास आना
अपने बच्चों के लिए - प्रत्येक माँ एक बच्चे को चुनती है। पहले वचन प्रार्थना करे फिर कोई एक विशेष अनुरोध के लिए।
पवित्र शास्त्र: *प्रभु, तू ऊपर से हाथ बढ़ाकर_______________ को थाम ले, और गहिरे जल में से उसे खींच लें। तू________________ के बलवन्त शत्रु से, और उन से जो उससे घृणा करते हैं उसे छुड़ा; क्योंकि वे अधिक सामर्थी थे। भजन सहिंता 18:16-17*

शिक्षक / स्टाफ
पवित्र शास्त्र: अपने बच्चे के लिए नीचे दिए गए वचन का उपयोग करें।
कि तू_________________ की आंखे खोले, कि वे अंधकार से ज्योति की ओर, और शैतान के अधिकार से परमेश्वर की ओर फिरें; कि पापों की क्षमा, और उन लोगों के साथ जो तुझ पर विश्वास करने से पवित्र किए गए हैं, मीरास पाएं। प्रेरितों के काम 26:18

स्कूल से संबन्धित चिंता
1. अपने विद्यालय में बेदारी और आत्मिक जागृति के लिए प्रार्थना करें।
2. अपने स्कूल के कर्मचारियों और छात्रों की सुरक्षा के लिए प्रार्थना करें।
3. प्रार्थना करें कि बच्चे कम उम्र में ही यीशु को अपने उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार करें।
4. प्रार्थना करें कि परमेश्वर बच्चों को हिंसा और दुर्व्यवहार से बचाएं रखे।

MIPI चिंता
1. दुनिया भर में हर स्कूल प्रार्थना में शामिल हो ।
2. परमेश्वर इस सेवा को एकता मे शुद्ध और निष्कलंक रखे व इसकी सुरक्षा करे।
3. मसीह के लिए अधिक बच्चों, स्कूलों व राष्ट्रों को प्रभावित करने के लिए, अनेक दान देनेवाले सेवकाई के साथ जुड़े।

याद रखें, इस समूह में जो प्रार्थना की जाती है, इसके भीतर ही रहता है!

Moms in Prayer INTERNATIONAL™
MomsInPrayer.org

Revised 2020—Copyright Moms in Prayer International 2020